प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भोपाल

दिनांक 24.12.2024 समय: 2.10 PM

प्रधानमंत्री मध्यप्रदेश

पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की सौवीं जयन्ती के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल मध्यप्रदेश आएंगे। वे खुजराहो में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे।

प्रधानमंत्री केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यह देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना है। इससे मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में सिंचाई की सुविधा मिलेगी, जिससे लाखों किसान परिवारों को लाभ होगा। इस परियोजना से क्षेत्र के लोगों को पेयजल की सुविधा भी मिलेगी।

प्रधानमंत्री मोदी अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का भी जारी करेंगे। वे एक हजार 153 अटल ग्राम सुशासन भवनों की आधारशिला भी रखेंगे।

गृह मंत्री-आतंकवाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारत विरोधी संगठनों और नेटवर्क का पता लगाने के लिए मित्र देशों के साथ खुफिया समन्वय रणनीति विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है। नई दिल्ली में 37वें इंटेलिजेंस ब्यूरो शताब्दी समारोह में एक व्याख्यान में श्री शाह ने कहा कि महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हमले, साइबर हमले, सूचना युद्ध और युवाओं को कट्टरपंथी बनाने जैसी चुनौतियों का समाधान ढूंढने की जरूरत है। श्री शाह ने गलत सूचनाओं से निपटने के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

उपभोक्ता दिवस

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस है. देश में उपभोक्ता आंदोलन के महत्व को उजागर करने के लिए हर साल 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है- **वर्चुअल सुनवाई और उपभोक्ता न्याय तक डिजिटल पहुंच**।

इस अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने आज वर्चुअल माध्यम से कई पहलों की शुरुआत की। इनका उद्देश्य ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर **डार्क पैटर्न** की पहचान करना और उपभोक्ताओं को सशक्त बनाना है। श्री जोशी ने **जागो ग्राहक जागो ऐप, जागृति ऐप और जागृति डैशबोर्ड** शुरू किया। श्री जोशी ने उपभोक्ता के अधिकारों की रक्षा और उन्हें सशक्त बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

प्रदेश में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं. **आगरमालवा** जिला खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा उपभोक्ताओ को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए जिले के बड़ोद स्थित मार्केटिंग सोसायटी परिसर में जागरूता कार्यक्रम रखा गया है। **नर्मदापुरम** में जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में उपभोक्ता हितों से संबंधित प्रदर्शनी जिला पंचायत सभाकक्ष में लगाई गई है।

गणतंत्र दिवस समारोह-2025

गणतंत्र दिवस समारोह-2025 के लिए इस साल झांकियों का विषय 'स्वर्णिम भारत: विरासत और विकास' रखा गया है।

वैष्णव - स्मार्टफोन

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों में स्मार्टफोन का निर्यात मूल्य एक लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। एक सोशल मीडिया पर पोस्ट में श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने चालू वित्त वर्ष में स्मार्टफोन के निर्यात को बढ़ाकर एक लाख 70 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। पीएलआई योजना से तीन लाख से अधिक प्रत्यक्ष और छह लाख से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं।

मौसम

प्रदेश में अगले 4 दिन तक ओले, बारिश और कोहरा रहने की सम्भावना है । वहीं, रात में ठिठुरन बढ़ सकती है । राज्य के कई जिलों में लगातार दूसरे दिन आज भी बादल छाए हुए हैं। भिंड और सीहोर के कई क्षेत्रों में रिमझिम बारिश हुई । मौसम विभाग ने 27 दिसंबर को भोपाल, ग्वालियर समेत 21 जिलों में ओले-बारिश का अलर्ट जारी किया है ।

समाचार संक्षेप

1. प्रधानमंत्री के कल खजुराहो मैं होने वाले कार्यक्रम की तैयारी के लिए आज केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा सहित अन्य नेताओं ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया.
2. पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के एक दिन पूर्व आज नर्मदापुरम में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई गई।
3. छिंदवाड़ा में दो साल पुराने मामले में छात्राओं से अभद्र व्यवहार करने के मामले में कलेक्टर शीलेंद्र सिंह ने पूर्व प्रधान पाठक को सेवा से बर्खास्त कर दिया।